# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

कार्य–परिषद् की बैठक सोमवार दिनांक 25.6.2018 को पूर्वान्ह 11:30 बजे कुलपति कार्यालय के समिति कक्ष, नालंदा परिसर, आर.एन.टी. मार्ग, इन्दौर में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित थे :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. एन.के. धाकड़, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | श्री चन्द्रशेखर रायकवार | सदस्य |
| 3. | डॉ. (श्रीमती) सुनीता चन्द्रा | सदस्य |
| 4. | डॉ (श्रीमती) रागिनी मख्खर | सदस्य |
| 5. | श्री आलोक डावर | सदस्य |
| 6. | डॉ. के.एन. चतुर्वेदी (प्रतिनिधि, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा) | सदस्य |
| 7. | श्रीमती नीलम निनामा (प्रतिनिधि, वित्त विभाग) | सदस्य |
| 8. | डॉ. विजय बाबू गुप्ता | सदस्य |
| 9. | डॉ. के. हजेला | सदस्य |
| 10. | डॉ. ए.व्ही. बजाज | सदस्य |
| 11. | डॉ. अशोक शर्मा | सदस्य |
| 12. | डॉ. एच.एल. अनिजवाल | सदस्य |
| 13. | डॉ. कुसुमलता निगवाल | सदस्य |
| 14. | डॉ. सुमित्रा वास्केल | सदस्य |
| 15. | डॉ. पुरूषोत्तम गौतम | सदस्य |
| 16. | डॉ. आर.के. माथुर | सदस्य |
| 17. | श्री अजय वर्मा, प्रभारी कुलसचिव | सचिव |

बैठक में निम्नांकित सदस्य अनुपस्थित रहे :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. मोहन लाल छीपा | सदस्य |
| 2. | श्रीमती गीता मरकाम | सदस्य |

प्रो. मोहन लाल छीपा ने पत्र दिनांक 24.6.2018 द्वारा कार्य परिषद् में उपस्थित होने में असमर्थता व्यक्त करते हुए बैठक स्थगित कर जुलाई के प्रथम सप्ताह में आयोजित करने हेतु निवेदन किया।

परिषद् द्वारा बैठक स्थगित करने पर असहमति व्यक्त करते हुए निर्णय लिया कि कार्य–सूची के कार्यवाही विवरण पर डॉ.मोहन लाल छीपा का मत (View) प्राप्त कर उन्हें कार्य–परिषद् की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए।

बैठक का प्रारम्भ विश्वविद्यालय के कुलगीत से किया गया।

बैठक के प्रारम्भ में माननीय कुलपतिजी द्वारा कार्य–परिषद् के नव–नियुक्त सदस्यों डॉ. पुरूषोत्तम गौतम एवं डॉ. आर.के. माथुर, जो प्रथम बार बैठक में उपस्थित हुए, का पुष्प–गुच्छ से स्वागत किया गया। माननीय कुलपतिजी द्वारा समस्त माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया।

माननीय कुलपतिजी द्वारा अवगत कराया गया कि–

1 सी.ई.टी. के प्रथम चरण की काउन्सिलिंग शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई।
दिनांक 2 जुलाई, 2018 से कक्षाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी।

2. बी.कॉम. छठे सेमेस्टर का परीक्षा 25.6.2018 को घोषित कर दिया जाएगा।

परिषद् उक्त जानकारी से अवगत हुई।

तदुपरांत माननीय अध्यक्ष की अनुमति से कुलसचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

# कार्य–वृत्त

विषय क्र.:1: कार्य–परिषद् की बैठक दिनांक 16.5.2018 के कार्य–विवरण की सम्पुष्टि विषयक।

कार्य–परिषद् की बैठक दिनांक 16.5.2018 के कार्य–विवरण का अवलोकन किया गया एवं निर्णय लिया कि कार्य–परिषद् की बैठक दि. 16.5.2018 के कार्य–विवरण की सम्पुष्टि निम्नांकित संशोधनों के साथ की जावे :

1 विषय क्र.3 में विद्या परिषद् की 'स्थाई समिति की बैठक दिनांक 25.5.2018' के स्थान पर 'दिनांक 25.4.2018' पढ़ा जाए।

(कार्यवाहीः शैक्षणिक विभाग)

2 विषय क्र. 7 के निर्णय को संशोधित कर निम्नानुसार पढ़ा जाए :
"निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम को संस्था सानंद न्यास द्वारा पुनः वर्ष 2018–19 में 36 दिवस के लिए रू. 8,60,580/– (कर सहित) में आरक्षित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।"

(कार्यवाहीः वि.वि. सांस्कृतिक केन्द्र)

विषय क्र.:2: कार्य–परिषद् की बैठक दिनांक 16.5.2018 में लिए गए निर्णयों पर अनुगामी कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन बाबत्।

परिषद् द्वारा कार्य–परिषद् की बैठक दिनांक 16.5.2018 में लिए गए निर्णयों पर अनुगामी कार्यवाही ग्राह्य की गई।

(कार्यवाहीः प्रशासन विभाग)

विषय क्र.:3: विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 94वीं बैठक दिनांक 10.05.2018 के कार्यवाही विवरण अंगीकृत करने बाबत्।

परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 94वीं बैठक दिनांक 10.05.2018 के कार्यवाही विवरण अंगीकृत किए गए।

इस संबंध में माननीय कार्य परिषद् सदस्य डॉ. ए.व्ही. बजाज द्वारा विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 94वीं बैठक के कार्यवाही विवरण पर सुझाव देना चाहते थे, परिषद् ने निर्णय लिया कि इस संबंध में डॉ. ए.व्ही. बजाज से सुझाव प्राप्त किए जाएं एवं आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाएं।

(कार्यवाहीः प्रशासन विभाग)

विषय क्र.:4: आय.पी.एस. एकेडमी (साईन्स एण्ड कामर्स), इन्दौर में प्राचार्य के पद पर नियुक्ति के अनुमोदन बाबत्।

आय.पी.एस. एकेडमी (साईन्स एण्ड कामर्स), इन्दौर में प्राचार्य के पद पर नियुक्ति के संबंध में निर्णय लिया गया कि प्राचार्य के पद पर साक्षात्कार के लिए कम–से–कम तीन उम्मीदवार उपस्थित होने पर ही प्राचार्य की नियुक्ति का अनुमोदन किया जाए। अतः पुनः चयन समिति आयोजित कर प्रतिवेदन आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए।

(कार्यवाहीः प्रशासन विभाग)

विषय क.:5: आय.पी.एस. एकेडमी (बी.एड.), इन्दौर में प्राचार्य के पद पर नियुक्ति के अनुमोदन बाबत्।

आय.पी.एस. एकेडमी (बी.एड.), इन्दौर में प्राचार्य के पद पर नियुक्ति के संबंध में निर्णय लिया गया कि प्राचार्य के पद पर साक्षात्कार के लिए कम–से–कम तीन उम्मीदवार उपस्थित होने पर ही प्राचार्य की नियुक्ति का अनुमोदन किया जाए। अतः पुनः चयन समिति आयोजित कर प्रतिवेदन आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए।

(कार्यवाहीः प्रशासन विभाग)

विषय क.:6: माह दिसम्बर–जनवरी 2018 की सेमेस्टर परीक्षा के प्रकरणों के संबंध में यू.एफ.एम. समिति के निर्णय अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णय लिया कि माह दिसम्बर–जनवरी 2018 की सेमेस्टर परीक्षा के प्रकरणों के संबंध में यू.एफ.एम. समिति के निर्णय का अनुमोदन किया गया।

(कार्यवाहीः गोपनीय विभाग)

विषय क.:7: माह जनवरी–फरवरी 2018 की सेमेस्टर परीक्षा के प्रकरणों के संबंध में यू.एफ.एम. समिति के निर्णय अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णय लिया कि माह जनवरी–फरवरी 2018 की सेमेस्टर परीक्षा के प्रकरणों के संबंध में यू.एफ.एम. समिति के निर्णय का अनुमोदन किया गया।

(कार्यवाहीः गोपनीय विभाग)

विषय क.:8: भवन समिति की बैठक दिनांक 12.6.2018 के कार्य विवरण पर विचार।

निर्णय लिया कि भवन समिति की बैठक दि. 12.6.2018 के कार्य विवरण, जो वित्त समिति की बैठक दिनांक 21.6.2018 में अनुशंसित हैं, पर विषय क्र.9 में लिए गए निर्णयानुसार आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाएं।

(कार्यवाहीः यांत्रिकी विभाग)

विषय क.:9: वित्त समिति की बैठक दिनांक 21.6.2018 की अनुशंसाओं पर विचार।

वित्त समिति की बैठक दिनांक 21.6.2018 के कार्य–विवरणों के अवलोकन उपरांत निर्णय लिया कि वित्त समिति की दिनांक 21.6.2018 की अनुशंसाएं, विषय क्र.8–भवन समिति के कार्य विवरण को छोड़कर, मान्य की गई।

वित्त समिति के विषय क्र.7 के संबंध में निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मध्यप्रदेश पुनरीक्षित वेतन नियम–2017 (सातवां वेतनमान) के एरियर राशि का नगद भुगतान दो समान किश्तों में दिया जाए।

(कार्यवाहीः वित्त विभाग)

विषय क्र.:10: वार्षिक पाठ्यक्रम के अध्यादेश में संशोधन बाबत्।

परिषद् को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 94वीं बैठक दिनांक 10.5.2018 के कार्यवाही विवरण के विषय क्र.11 में लिए गए निर्णयानुसार वार्षिक पाठ्यक्रम के अध्यादेश में पुनर्मूल्यांकन संबंधी प्रावधान जोड़ते हुए प्रस्ताव मान्य किया गया है, अतः अध्ध्यादेश क्र.17 सभी विश्वविद्यालयों में समन्वय समिति के निर्णयानुसार एक समान लागू किया जाना है।

परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 94वीं बैठक दि.10.5.2018 के कार्यवाही विवरण के विषय क्र.11 में लिए गए निर्णय को ग्राह्य किया गया।

(कार्यवाहीः प्रशासन विभाग)

विषय क्र.:11: विद्या परिषद् की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 23.5.2018 एवं 28.5.2018 के कार्य विवरणों पर विचार।

विद्या परिषद् की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 23.5.2018 एवं दि. 28.5.2018 के कार्य–विवरणों के अवलोकन उपरांत निर्णय लिया कि विद्या परिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 23.5.2018 एवं 28.5.2018 की अनुशंसाएं मान्य की गई।

(कार्यवाहीः शैक्षणिक विभाग)

विषय क्र.:12: विद्या परिषद् की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 12.6.2018 के कार्य विवरणों पर विचार।

विद्या परिषद् की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 12.6.2018 के कार्य–विवरणों के अवलोकन उपरांत निर्णय लिया कि विद्या परिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 12.6.2018 की अनुशंसाएं मान्य की गई।

विद्या परिषद् की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 12.6.2018 के विषय क्र.2 (23) के संबंध में निर्णय लिया कि निरीक्षण समिति की अनुशंसा के अनुसार एम.कॉम पूर्वार्द्ध में सीट संख्या वृद्धि (60 से 120) सशर्त मान्य की जाती है।

(कार्यवाहीः शैक्षणिक विभाग)

विषय क्र.:13: नगर निगम इन्दौर द्वारा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर में सफाई तथा कचरा संग्रहण बाबत् ।

निर्णय लिया कि नगर निगम इन्दौर द्वारा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर में सफाई तथा कचरा संग्रहण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव मान्य किया जाए। व्यय का विस्तृत प्रस्ताव नगर निगम से प्राप्त कर अनुवर्ती कार्यवाही करने की अनुशंसा की जाती है।

(कार्यवाहीः प्रभारी, तक्षशिला परिसर)

विषय क.:14: <u>केरियर एडवांसमेन्ट योजना (CAS) के अन्तर्गत लिफाफे पटल पर खोलने बाबत: (अ) आय.आय.पी.एस. एवं आय.एम.एस. उपाचार्य से आचार्य (ब) आई.ई.टी. (मेकेनिकल इंजीनियर) उपाचार्य से आचार्य (स) आय.आय.पी.एस. एवं आय.एम.एस. स्टेज –1 से 2 एवं स्टेज–2 से–3.</u>

केरियर एडवांसमेन्ट योजना (CAS) के अंतर्गत आय.आय.पी.एस., आय.एम.एस. एवं आई.ई.टी. में शिक्षकीय पदों हेतु दिनांक 11.8.2016 एवं 12.8.2016 को आयोजित चयन समिति एवं Screening Cum Evaluation Committee की अनुशंसाओं के सील्ड लिफाफे खोले जाने पर विचार किया गया। उक्त प्रकरण में राज्यपाल के सचिव से प्राप्त पत्र क.एफ–58–1/2018/रा.स./यू.ए.–2/923 दि. 12.6.2018 एवं विश्वविद्यालय के विधि सलाहकार से प्राप्त विधिक राय का वाचन किया गया।

उपरोक्त प्रकरण के संबंध में कार्य–परिषद् सदस्य श्री आलोक डावर द्वारा बताया गया कि आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी ज्ञाप दि,19.5.2006 में एग्जिट पालिसी के अंतर्गत स्व–वित्तीय पाठ्यक्रमों के अंतर्गत 245 पदों की स्वीकृति एवं पद भरने की अनुमति दी गई थी। संदर्भित ज्ञाप के बिन्दु क.11 में उल्लेखित है कि उपरोक्त पद पर नियुक्तियां पूर्णतः अस्थाई होंगी और किसी भी समय बिना किसी नोटिस के समाप्त कर दी जाएंगी। अतः श्री डावर द्वारा कहा गया कि स्व–वित्तीय पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही किए जाने के पूर्व उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल से स्वीकृति प्राप्त की जाना उचित होगा।

कार्य–परिषद् सदस्य डॉ. (श्रीमती) सुनीता चन्द्रा एवं डॉ. एच.एल.अनिजवाल द्वारा कहा गया कि प्रकरण पर कार्यवाही करने से पूर्व परिषद् को प्रकरण की वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाए।

कार्य–परिषद् सदस्य श्री चन्द्रशेखर रायकवार, डॉ. (श्रीमती) रागिनी मख्खर, डॉ. विजय बाबू गुप्ता, डॉ. अशोक शर्मा एवं डॉ. ए.व्ही. बजाज द्वारा विचार व्यक्त किया गया कि उपरोक्त शिक्षकों के पदोन्नति संबंधी प्रकरण लम्बे समय से लम्बित हैं। अतः राजभवन से प्राप्त पत्र एवं विधिक राय के परिप्रेक्ष्य में चयन समिति की अनुशंसाओं के लिफाफे खोले जाकर अनुशंसाएं कार्य–परिषद् के समक्ष प्रस्तुत की जाना चाहिए।

डॉ. के.एन. चतुर्वेदी, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कहा गया कि प्रकरण में मध्यप्रदेश शासन का अनुमोदन प्राप्त किया जाना चाहिए।

प्रकरण पर परिषद् द्वारा विचार–विमर्श किया गया। विचारोपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आय.आय.पी.एस., आय.एम.एस. एवं आई.ई.टी. में स्व–वित्तीय पाठ्यक्रमों के अंतर्गत शिक्षकीय पदों हेतु दि.11.8.2016 एवं 12.8.2016 को आयोजित चयन समिति एवं Screening Cum Evaluation Committee द्वारा की गई अनुशंसाओं के लिफाफे खोले जाएं । निर्णयानुसार चयन समिति के लिफाफे खोल गए एवं अनुशंसाओं का वाचन किया गया।

चयन समितियों द्वारा निम्नांकित अनुशंसा की गई है :

## <u>Mechanical Engineering (IET)</u>

**Resolved that it be recommended to the Executive Council that the following be promoted as Professor in the Institute of Engineering & Technology, DAVV in the PB (Rs.37400-67000) with AGP RS.10,000/-, from the date of eligibility Under Career Advancement Scheme on the salary as per rules :**

**1- Dr. Nagendra Sohani, Reader (State-4)**
**Institute of Engineering & Technology**

## Management (IMS & IIPS)

**Resolved that it be recommended to the Executive Council that the following be promoted as Professor In Management in the Institute of Management Studies & International Institute of Professional Studies, DAVV in the PB (Rs.37400-67000) with AGP RS.10,000/-, from the date of eligibility Under Career Advancement Scheme on the salary as per rules :**

**1- Dr. Rajendra Singh, Reader (State-4), Institute of Management Studies**
**2- Dr. Kapil Sharma, Reader (State-4), Institute of Management Studies**
**3- Dr.N.K. Totala, Reader (State-4), Institute of Management Studies**
**4- Dr. Manishkant Arya, Reader(State-4), Institute of Management Studies**
**5- Dr. Geeta Nema, Reader (State-4), International Institute of Professional Studies**
**6- Dr. Geeta Sharma, Reader(State-4), International Institute of Professional Studies**
**7- Dr. Manish Sitlani, Reader(State-4), International Institute of Professional Studies**
**8- Jyoti Sharma, Reader(State-4), International Institute of Professional Studies**
**9- Dr. Preeti Singh, Reader(State-4), International Institute of Professional Studies**
**10. Dr. Yamini Karmarkar, Reader(State-4), International Institute of Professional Studies**

## Management (IMS)

**Resolved that it be recommended to the Executive Council that the following be promoted as Lecturer (Stage-2) In Management in the Institute of Management Studies, DAVV in the PB (Rs.15600-39100) with AGP RS.7,000/-, from the date of eligibility Under Career Advancement Scheme on the salary as per rules :**

**1- Dr. Nisha Bano Siddiqui, Lecurer (Stage-1)**
**2- Dr. Santosh Kumar Choube, Lecturer (Stage-1)**

## Management (IIPS)

**Resolved that it be recommended to the Executive Council that the following be promoted as Lecturer (Stage-2) In Management in the International Institute of Professional Studies, DAVV in the PB (Rs.15600-39100) with AGP RS.7,000/-, from the date of eligibility Under Career Advancement Scheme on the salary as per rules :**

**1- Dr. Gaurav Purohit, Lecurer (Stage-1)**
**2- Dr. surendra Malviya, Lecturer (Stage-1)**
**3- Dr. Muskan Karamchandani, Lecturer (Stage-1)**

## Management (IIPS)

**Resolved that it be recommended to the Executive Council that the following be promoted as Lecturer (Stage-3) In Management in the International Institute of Professional Studies, DAVV in the PB (Rs.15600-39100) with AGP RS.8,000/-, from the date of eligibility Under Career Advancement Scheme on the salary as per rules :**

**1- Dr. Manminder Singh Saluja, Lecurer (Stage-2)**

कार्य–परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शासन द्वारा स्वीकृत स्व–वित्तीय पदों पर पदोन्नति हेतु चयन समिति की अनुशंसाओं पर कियान्वयन किए जाने से पूर्व अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल से अनुमोदन/स्वीकृति प्राप्त की जाए। उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल से अनुमोदन/स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् इसे पुनः कार्य–परिषद् के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। यह भी निर्णय लिया कि उपरोक्त चयन समिति की अनुशंसाओं में नियमित पदों पर कार्यरत शिक्षकों के कॅरियर एडवांसमेंट योजना के अंतर्गत पदोन्नति की अनुशंसा का अनुमोदन किया गया।

(कार्यवाहीः स्थापना विभाग)

परिषद् के समक्ष सदस्यों द्वारा जानकारी दी गई कि डॉ.(श्रीमती) रागिनी मख्खर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर देश का गौरव बढ़ाया गया है। अतः सभी सदस्यों द्वारा डॉ.(श्रीमती) रागिनी मख्खर को बधाई दी गई तथा उनसे अपेक्षा की गई कि विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में परफार्मिंग आर्ट विभाग हेतु अपना मार्गदर्शन दें।

(कार्यवाहीः समाज विज्ञान अध्ययनशाला)

बैठक के अंत में श्री चन्द्रशेखर रायकवार एवं डॉ. (श्रीमती) सुनीता चन्द्रा का कार्य–परिषद् सदस्य के रूप में कार्यकाल पूर्ण होने पर उनका पुष्प–गुच्छ एवं शॉल, श्रीफल देकर अभिनंदन किया गया। श्री चन्द्रशेखर रायकवार एवं डॉ. (श्रीमती) सुनीता चन्द्रा ने भी कार्य–परिषद् का आभार व्यक्त किया।

बैठक के अंत में पूर्व कुलपति प्रो. ए.ए.अब्बासी के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

अंत में अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित कर एवं राष्ट्र गान के साथ बैठक समाप्त की गई।

| | |
|---|---|
| हस्ता/– | हस्ता/– |
| (अजय वर्मा) | (एन.के. धाकड़) |
| प्रभारी कुलसचिव/ सचिव | कुलपति/ अध्यक्ष |